प्रेस विज्ञप्ति

18/11/2024

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सैंटियागो मार्टिन और उसकी कंपनी मैसर्स फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सवसेज प्राइवेट लिमिटेड और अन्य सहयोगियों के विरुद्ध जांच के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के उपबंधों के तहत तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मेघालय और पंजाब राज्यों में 22 परिसरों पर तलाशी अभियान चलाया है। 4 प्रिंटिंग प्रेस, जहां लॉटरी टिकट मुद्रित किए गए हैं, भी तलाशी अभियान के दायरे में थे|

ईडी ने मेघालय राज्य लॉटरी के निदेशक की शिकायत पर मेघालय पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी और सीबीआई द्वारा केरल पुलिस की प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की।

इस समूह के खिलाफ मुख्य आरोप यह है कि उन्होंने दूसरों को संचालित करने की अनुमति नहीं देकर, नकली लॉटरी टिकट बेचकर, जीतने वाले पुरस्कारों में हेरफेर करके और काले धन को सफेद में बदलने के लिए नकद भुगतान के दम पर बड़ी राशि पुरस्कार जीतने वाले टिकट खरीदकर लॉटरी बाजार पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जिससे सरकारी खजाने और आम जनता को भारी नुकसान हुआ है।

यह भी सामने आया है कि कंपनी का 90% से अधिक कारोबार 6 रुपये के अंकित मूल्य के साथ लॉटरी टिकटों में है, जिसके खिलाफ अधिकांश पुरस्कार 10,000 रुपये से कम हैं जो गैर-कर योग्य है। पुरस्कार विजेताओं, बेचे गए और अनबिके टिकटों के परिप्रेक्ष्य में कंपनी द्वारा कोई उचित रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है। लॉटरी योजनाएं कंपनी द्वारा इस तरह से डिजाइन की जाती हैं कि पर्याप्त लाभ कंपनी को जाता है और आयोजक राज्य को राजस्व का बहुत छोटा हिस्सा मिलता है।

तलाशी के परिणामस्वरूप 12.41 करोड़ रुपये की अघोषित नकदी, विभिन्न डिजिटल उपकरणों और अपराध संकेती दस्तावेजों की बरामदगी और जब्ती की गई। तलाशी अभियान के दौरान 642 करोड़ रुपये की बैंक सावधि जमा की रशीद (एफडीआर) भी जब्त की गई है। कोयंबटूर, चेन्नई, मुंबई, दुबई और लंदन में अचल संपत्तियों में भारी निवेश का रिकॉर्ड भी पाया गया है। उन्होंने शेयर बाजार में भी भारी निवेश किया है।

ईडी, कोच्चि में इस मामले में पिछली जांच में यह पाया गया था कि मार्टिन सैंटियागो और उनकी कंपनी ने लॉटरी कारोबार में लगभग 920 करोड़ रुपये की अपराध की आय अर्जित की थी, जिसमें से 622 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है और अभियोजन शिकायत दर्ज की गई है, जिस पर मुकदमा चल रहा है।

आगे की जांच प्रगति पर है।

BANK CURRENCY CHEST